सदक्षिणा श्रीफलं—

श्रीफलं स्वादु दिव्यं च सुधाधिकतरं प्रियम् ।
स-दक्षिणाम् गृहाणेदं प्रणतार्तिहरं! प्रभो ।।३३।।

इति सदक्षिणां श्रीफलं समर्पयामि ।

स्तुतिः—

श्रीवल्लभाऽनन्त जगन्निवास श्रीराम राजेन्द्र! नमो नमस्ते।
सदा सनाथं कुरु मामऽनाथं नाथ प्रभो! दीनदयालुमूर्ते।।३४।।

इति स्तुतिः ।।

अपराध क्षमापन –

उपचारैर्यथासाध्यैः यत्पूजा तु मया कृता ।
तत्सर्वं पूर्णतां यातु अपराधं क्षमस्व मे ॥३५॥

इत्यपराधक्षमापन मन्त्रः ।

प्रदक्षिणा मंत्र –

यानि कानि च पापानि जन्मान्तर कृतानि च ।
तानि सर्वाणि नश्यन्तु प्रदक्षिण पदे पदे ॥३६॥

इति प्रदक्षिणा मन्त्रः । वार चतुष्टयम् ।

नमस्कार मंत्र –

राजेन्द्रपुत्राय परात्पराय, स्वाच्छाय सस्मेर-शुभाननाय ।
श्यामाय रामाय सह प्रियाय, नमः सदाऽभीष्ट फलप्रदाय ॥३७॥

इति नमस्कार मन्त्रः ।

प्रार्थना मंत्र –

सहप्रियस्त्वं हृदये वस प्रभो, मुखे यशोनाम गुणानुवादनम् ।
प्रीत्याऽर्चनं ते करवाणि सततं,प्रदेहि मह्यं कृपया कृपाम्बुधे ।।३८।।

दयाब्धे जानकीनाथ महाराजकुमारक ।
ममाऽभीष्टं कुरुष्वाद्य शरणागतवत्सल ।।३९।।

इति प्रार्थना मन्त्रः ।

शरण मंत्र –

आवाहनं न जानामि न जानामि विसर्जनम् ।
पूजां चैव न जानामि त्वं गतिः परमेश्वर ।।४०।।

इतिस्तुत्वा शुभं तस्य माहात्म्यं श्रृणुयाद्विधे ।
तस्याऽऽशु राघवः प्रीत्या दद्यात्सर्वेप्सितं महत् ।।४१।।

इति शरण मन्त्रः ।

Scanned with CamScanner

हे ब्रह्मन् ! इस प्रकार स्तुति कर श्रीरामार्चा का मंगलमय माहात्म्य श्रवण करना चाहिए। ऐसा करने वाले अर्चक पर भगवान श्रीराम शीघ्र प्रसन्न होकर प्रेमपूर्वक सब महान् अभिलषित फल प्रदान करते हैं ।

इति श्रीशिवसंहितायां भव्योत्तरखण्डे श्रीरामार्चा माहात्म्ये प्रधानपूजा-
विधिवर्णनो नाम द्वितीयोऽध्यायः ।।२।।

अथ तृतीयोऽध्यायः

कथा प्रारम्भः (श्रीरामार्चा माहात्म्य)

श्रीपार्वत्युवाच –

भगवन्सर्वधर्मज्ञ ! सर्वशास्त्र विशारद ।
लोकानामुपकारार्थं यत्नान्युक्तान्यनेकशः ।।१।।

तन्त्राणि यन्त्रजालानि मन्त्रभेदाश्च भूरिशः ।
स्तोत्राणि विविधान्येव योगयज्ञव्रतानि च ॥२॥

तपांसि चैव दानानि सर्वसिद्धिकराणि च ।
तत्राऽपि दुःखिता लोका नानाक्लेशसमन्विताः ॥३॥

धनहीनाः पुत्रहीनाः आधिव्याधिसमाकुलाः ।
न सिद्ध्यन्ति क्रियाः काश्चिल्लोकाः सन्ति श्रमार्दिताः ॥४॥

तस्मात्कथय सर्वज्ञ ! सद्यः प्रत्ययकारकम् ।
उपायं सर्वलोकानां सर्वाऽभीष्टार्थ सिद्धिदम् ।
सम्यग्विचिन्त्य विश्वेश येन सिद्धिर्भवेद् ध्रुवम् ॥५॥

श्री पार्वती ने शिव से कहा –

बंदउँ पद धरि धरनि सिरु विनय करउँ कर जोरि।
बरनहु रघुबर विमल जसु श्रुति सिद्धांत निचोरि।।

अति आरति पूछउँ सुरराया। रघुपति कथा कहहु करि दाया।।

हे भगवन् ! सर्वधर्मज्ञ, सर्वशास्त्रों के विशारद, लोक कल्याण के लिए आपने अनेक तन्त्र, मन्त्र, विविध स्तोत्र, योग, यज्ञ और व्रतादि कहे हैं ।।२।। सर्व-सिद्धि करने वाले तप एवं दान कहे हैं, तथापि लोग दुःखित हैं, नाना प्रकार के क्लेशों से युक्त हैं । लोग धनहीन, पुत्रहीन, एवं आधि व्याधि (मानसिक और शारीरिक रोगादि) से व्याकुल हैं ।।४।। कोई क्रिया सिद्धि नहीं होती । लोग श्रम करके थक जाते हैं । इसलिए हे सर्वज्ञ प्रभो ! अच्छी तरह विचार कर शीघ्र विश्वास कराने वाला, सब प्राणियों को अभीष्ट सिद्धि देने वाला उपाय बताइये, जिससे निश्चय सिद्धि प्राप्त हो ।।१-५।।

Scanned with CamScanner

श्रीमहादेवोवाच –

धन्याऽसि कृतपुण्याऽसि पुण्यरूपाऽसि पार्वति ।
यतस्त्वं सर्वलोकानां हितं वाञ्छसि सर्वदा ॥६॥

श्रणु देवि ! प्रवक्ष्यामि प्रयत्नं परमाद्भुतम् ।
यस्य स्मरणमात्रेण सिद्धिं प्राप्नोति दुर्लभाम् ॥७॥

यज्ञः श्रीरामचन्द्रस्य साधनानां च साधकः ।
धर्माऽर्थकाममोक्षाणां प्रापकस्तुष्टिपुष्टिदः ॥८॥

ब्रह्मा सृजति यज्ञेन विश्वं विष्णुश्च रक्षति ।
यज्ञेनाऽहं जगत्सर्वं नाशयामि वरानने ॥९॥

रामयज्ञं विना सिद्धिं नाप्नुयादन्यकर्मभिः ।
पूजा दानं जपं यज्ञं तपः कुर्यादऽखण्डितम् ॥१०॥

सिद्धिं न प्राप्नुयात् देवि! तस्माद्वक्ष्यामि सुव्रते ।
महायज्ञोत्तमां सर्वं तपोदानफलप्रदाम् ॥११॥

श्री महादेव जी बोले–

धन्य धन्य गिरिराज कुमारी, तुम्ह समान नहिं कोउ उपकारी ।
पूँछेहु रघुपति कथा प्रसंगा, सकल लोक जग पावनि गंगा ॥
तुम्ह रघुवीर चरन अनुरागी, कीन्हिहु प्रश्न जगत हित लागी ।
रामकथा सुन्दर कर तारी, संशय विहग उड़ावनहारी ॥
रामकथा कलि विटप कुठारी, सादर सुनु गिरिराज कुमारी ।

हे पार्वती जी ! तुम धन्य हो, पुण्यरूपा हो, कृतपुण्या हो, क्योंकि तुम सर्वदा सब लोगों का कल्याण चाहती हो । हे देवि ! सुनो, मैं परम अद्भुत उपाय बतलाता हूँ, जिसके स्मरण मात्र से ही दुर्लभ सिद्धि प्राप्त हो जाती है । श्रीरामचन्द्र का यज्ञ सब साधनों का साधक है, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को प्राप्त कराने वाला, तुष्टि-पुष्टि (मानसिक शान्ति, संतोष और शारीरिक पुष्टि अर्थात् स्वास्थ्य) देने वाला है । हे वरानने ! ब्रह्मा-यज्ञ से ही विश्व की सृष्टि करते हैं, विष्णु इस यज्ञ से ही विश्व की रक्षा करते हैं और उसी यज्ञ से मैं (प्रलय काल में) रुद्र रूप से सारे जगत का नाश करता हूँ । मनुष्य अखण्डित पूजन, दान, जप, यज्ञ और तप करे, परन्तु श्रीराम यज्ञ (रामार्चा) बिना अन्य कर्मों से सिद्धि को नहीं प्राप्त करता है । श्रीरामयज्ञ सबको पूर्ण कर देता है । हे सुब्रते देवि पार्वति ! इस यज्ञ के किये बिना लोगों को सिद्धि नहीं मिल सकती, अतः तुम्हारे लिए मैं बड़े-बड़े यज्ञों से उत्तम एवं सम्पूर्ण तपस्या और दान का फल देने वाले श्रीरामार्चा नामक महायज्ञ का वर्णन करता हूँ ।। ६-११ ।।

Scanned with CamScanner

कामनासिद्धिदां सौम्यां सर्व विघ्नविनाशिनीम् ।
रामार्चा शोभने कृत्वा न कश्चिद् दुःखभाग् नरः ।।१२।।

रामार्चायाः परो यज्ञो रामार्चायाः परं तपः ।
रामार्चायाः परं दानं रामार्चायाः परं जपः ।।१३।।

रामार्चायाः परं पुण्यं नास्ति लोकेषु त्रिष्वपि ।
रामार्चनं परं सेव्यं वद्धोद्धारकरं परं ।।१४।।

महासिद्धिप्रदं सौम्यं सर्वकामफलप्रदम् ।
सर्वारिष्टहरं क्षिप्रं सर्वोपद्रवनाशनम् ।।१५।।

आधिव्याधिप्रहरणं वांछाधिकफलप्रदम् ।
पुत्रपौत्रादिसुखदं बलवीर्यविवर्धनम् ।।१६।।

राज्यदं नष्टराज्यानां निर्धनानां धनप्रदम् ।
दुर्भिक्षे वृष्टिजनकं महोत्पात - निवारणम् ।।१७।।

नाशनं शत्रुसैन्यानां मित्रवर्गविवर्धनम् ।
महाद्रारिद्र्य दौर्भाग्य दुःखितानां सुखावहम् ।।१८।।

सौभाग्य - सन्ततिकरं सर्वैश्वर्य - सुखप्रदम् ।
क्षयाऽपस्मारकुष्ठादि महारोग विनाशनम् ।।१९।।

ऋणभारप्रहरणं ग्रह-विग्रह वारणम् ।
क्रोधमात्सर्यहरणं दोषदुर्बुद्धिनाशनम् ।।२०।।

क्षमा-सौशील्य-सौहार्दसद्‌गुणानांप्रकाशनम् ।
त्रिकाल ज्ञान जननं षड् विकार-विनाशनम् ।।२१।।

मुक्तिदं च मुमुक्षुणाम् गतीनां गतिप्रदम् ।
महासंकष्टसन्तप्त चेतसां सुखवर्द्धनम् ॥२२॥

नान्यं पश्यामि देवेशि साधनं सकलेष्टदम् ।
रामार्चनं बिना देवि ! श्रुतं नैव कदाचन ॥२३॥

रामार्चा सिद्धिरूपा हि सर्वेषां श्रेयमिच्छताम् ।
किं होमैः सद्व्रतैस्तीर्थैः किं तपोभिः किमध्वरैः ॥२४॥

किमन्यैरर्चनैरुग्रैः साधनैश्च प्रयासदैः ।
रामार्चानेन भो देवि ! किंचिदिष्टं न दुर्लभम् ॥२५॥

यं यं चिन्तये कामं तं तं प्राप्नोति निश्चितम् ।
अन्यानि यानि लोकेऽस्मिन् साधनानि बहूनि च ॥२६॥

कदाचिन्नैव सिद्धयन्ति देवि ! रामार्चनं विना ।
रामार्चनमकृत्वा तु कुर्यादन्यव्रतादिकम् ॥२७॥
कल्पकोटि सहस्रेषु न तेषां फलभाग्भवेत् ।
ग्रहाणां च यथा भानुर्नक्षत्राणां च यथा शशी ॥२८॥
रामार्चनं परं देवि ! तथा सर्वसुकर्मणाम् ।
अत्र ते कथयिष्यामि कथां पौराणिकीं शुभाम् ॥२९॥

हे देवि ! कामना की सिद्धि को देने वाली, सौम्य, सब विघ्नों का नाश करने वाली श्रीरामार्चा को कहता हूँ। हे शोभने ! रामार्चा करके कोई मनुष्य दुख नहीं पाता। श्रीरामार्चा से बढ़ कर यज्ञ, श्रीरामार्चा से बढ़कर तप, श्रीरामार्चा से बढ़कर दान, श्रीरामार्चा से बढ़कर जप एवं श्रीरामार्चा से बढ़कर पुण्य तीनों लोकों में नहीं है। श्रीरामार्चन परम सेव्य एवं श्रेष्ठ व वद्धोद्धारक है। यह परम सिद्धि देने वाला मंगलमय, सब इच्छित फलों को देने वाला है। महासिद्धि देने वाला, सौम्य सब इच्छित फलों को देने वाला, शीघ्र सब अरिष्टों का हरण कारक और सब उपद्रवों का नाशक है। दैहिक तथा मानसिक व्यथा को हरण करने वाला, इच्छा से अधिक फल देने वाला, पुत्रपौत्रादि का सुख देने वाला, बल-वीर्य

Scanned with CamScanner

बढ़ाने वाला है। नष्ट राज्य वालों को राज्य देने वाला, धन-हीनों को धन देने वाला, दुर्भिक्ष में वर्षा कराने वाला एवं बड़े-बड़े उत्पातों का निवारक है। शत्रु सेनाओं का नाश करने वाला, मित्र-वर्गों को बढ़ाने वाला, महा-दरिद्रता और दुर्भाग्यों को दूर करने वाला व दुःखितों को सुख देने वाला है। सौभाग्य और सन्तति देने वाला, सब तरह के ऐश्वर्य और सुखों को देने वाला, क्षय, मृगी, कोढ़ आदि महारोगों का नाश करने वाला है। ऋण-भार को हरण करने वाला, ग्रहों के उपद्रवों को निवारण करने वाला, क्रोध एवं मत्सरता को हरण करने वाला, दोष और दुर्बुद्धि का नाश करने वाला है। क्षमा, सुशीलता, सहृदयता और सद्गुणों का प्रकाशक, तीनों काल का ज्ञान पैदा कराने वाला, छहों विकारों (जन्म लेना, सत्ता रखना, बढ़ना, विकृत, क्षीणता तथा नाश) को नाश करने वाला है। मुमुक्ष पुरुषों को मुक्ति दायक, अगतियों को गति देने वाला, महा संकटों से सन्तप्त चित्त वालों के सुख को बढ़ाने वाला श्रीरामार्चन ही है। हे देवि! श्रीरामार्चन के बिना सब इच्छित फलों को देने वाला अन्य साधन नहीं देखता हूँ और न मैंने कभी सुना ही है। कल्याणों के चाहने वाले सब प्राणियों के लिए रामार्चा ही सिद्धिरूपा है। इसे छोड़कर होम, सद्व्रत, तीर्थ, तपस्या और यज्ञों एवं अन्य उग्र जनों से या प्रलोभन देने वाले सुख साधनों से क्या प्रयोजन है?

होमः – देवताओं के उद्देश्य से अग्नि में घृत आदि डालना (हवन) यह वायु मण्डल शुद्ध कर विश्व-कल्याण का काम करता है । इससे भौतिक लाभ भी है ।

तीर्थः – तरति पापादिकं यस्मात् । 'तृ' धातु से 'थक्' प्रत्यय जोड़ने पर तीर्थ शब्द बना है । उसका शाब्दिक अर्थ है – जिसके द्वारा तरा जाय ।

तीर्थ तीन हैं :–

१. नित्य तीर्थ – कैलाश, मानसरोवर, काशी आदि ।

२. भगवदीय तीर्थ – भगवान के अवतार, लीला भूमि एवं भक्त को दर्शन देने का स्थान ।

३. सन्त तीर्थ– सन्त तथा गुरु की सत्संगति एवं शास्त्र-पुराणादि के श्रवण का स्थान ।

तपस्या – तप, व्रतचर्या ।

यज्ञः – इज्यते हविर्दीयतेऽव, इज्यन्ते देवता अत्र वा यागः ।

हे देवि! श्रीरामार्चन से कोई अभीष्ट दुर्लभ नहीं है । मनुष्य जिन-जिन कामनाओं का

चिन्तन करता है, श्रीरामार्चा से उन्हें अवश्य पाता है । इस लोक में जो बहुत से दूसरे-दूसरे साधन हैं, वे हे देवि ! श्रीरामार्चन के बिना कभी भी सिद्ध नहीं होते हैं । श्रीरामार्चा न कर अन्य व्रतादिकों को करने वाला हजारों-करोड़ों कल्पों तक भी उनके फल का भागी नहीं होता । ग्रहों में जैसे सूर्य और नक्षत्रों में जैसे चन्द्रमा है, वैसे ही सभी शुभ कर्मों में श्रीरामार्चा श्रेष्ठ है, यहां मैं तुमसे पुराण की शुभ कथा कहूँगा ।। १२-२९ ।।

प्रलयान्ते महाविष्णोर्नाभिकञ्जाज्जगद्गुरुः ।
जातः सर्वतमोभूतं विश्वं दृष्ट्वाऽतिदुःखितः ।।३०।।

एकाकी कमले तिष्ठन् किं करोमीत्यचिंतयत् ।।३१।।

तदाऽऽकाशेऽभवद्वाणी ब्रह्माणं कमलोद्भवम् ।
ब्रह्मन् ! कुरु महासृष्टिं वृत्तिजां त्वर्थसंकुलाम्।।३२।।

सृष्ट्यै बहुविधां चिन्तां चकार मनसा विधिः।
न सृष्टिकरणे शक्तो बभूव चतुराननः ॥३३॥
तदा चिन्ताकुलो ब्रह्मा संस्मार परमेश्वरम्।
योमेऽकार्षीत्समुत्पत्तिं यो मावाक्यैरबोधयत् ॥३४॥
कर्त्ता कारयिता सोऽद्य भवेन्मे दृष्टिगोचरः।
तस्याऽहं शरणं प्राप्तो भूयो भूयो नमो नमः ॥३५॥
ब्रह्मणःस्मरणाद् देवि! महाविष्णुस्सनातनः।
प्राप्तो वाक्यमुवाचेदं ब्रह्मन्! रामार्चनं कुरु ॥३६॥
श्रुत्वा ब्रह्मा नमस्कृत्य संस्तुत्योवाच सादरम्।
देवदेव! कथं कुर्या रामार्चा तद्वदाऽधुना ॥३७॥

श्रीभगुवानुवाच –

श्रृणुष्वाव हितो ब्रह्मन्! रामार्चा सर्वसिद्धिदाम् ।
यतं कृत्वा मानवाः सर्वे सर्वसौभाग्यसत्तमाः ।।
तद्विधिः संप्रवक्ष्यामि सावधानोऽवधारय ।।३८।।

प्रलय के अन्त में महाविष्णु के नाभिकमल से जगद्‌गुरु ब्रह्मा उत्पन्न हुए। वे सम्पूर्ण संसार को अन्धकारमय देखकर, अति दुःखित हुए । वे कमल पर अकेले रहकर क्या करूँ, यह विचार करने लगे । तब कमलोद्-भव ब्रह्माजी के प्रति आकाशवाणी हुई हे ब्रह्मन्! वृत्तिजा एवं अर्थसकुला महासृष्टि करो तब ब्रह्मा सृष्टि के लिए अनेक प्रकार से चिन्ता करने लगे । जब चतुरानन सृष्टि करने में समर्थ न हुए तब चिन्ताकुल ब्रह्मा ने परमेश्वर का स्मरण किया । जिसने मुझे उत्पन्न किया है और जिसने मुझे वाक्यों से ज्ञान दिया है, वे करने और कराने वाले आज मुझे दृष्टिगोचर हों । मैं उनकी शरण प्राप्त हूँ। उन्हें मेरा बारम्बार नमस्कार है । ब्रह्मा जी के स्मरण करने से सनातन महाविष्णु प्रकट हुए और यह वाक्य बोले – हे ब्रह्मा ! रामार्चन करो । यह सुनकर ब्रह्मा सादर नमस्कार और स्तुति करके

Scanned with CamScanner

बोले – हे देवाधिदेव ! इस समय आप यह कहें कि श्री रामार्चा कैसे करूँ ? श्री भगवान् बोले – हे ब्रह्मन् ! सावधान होकर सर्व सिद्धियों को देने वाली श्रीरामार्चन विधि का श्रवण करो, जिसे करके सभी मानव सर्व सौभाग्य सत्तम बन जाते हैं। उसकी विधि मैं सम्यकरूपेण कहता हूँ, सावधान होकर धारण करो ।। ३०-३८ ।।

रामभक्तान्समाहूय वन्धुवर्गान् सुहृद् द्विजान् ।
सद्भक्त्या तोषयेत्सर्वान्सर्वाभीष्टार्थसिद्धये ।।३९।।

पञ्चम्यां पञ्चदश्यां वा द्वादश्यां संक्रमेऽयने ।।४०।।

नवम्याञ्चाप्यमावस्यां यस्मिन्कस्मिन् दिनेऽथवा ।
मध्याह्वे वा प्रदोषे वा रामार्चा कारयेत्सुधीः ।।४१।।

आदौ पुण्यस्थले चैव सुजले च मृदा तदा ।
शोधितायां धरायां च विरचेन्मण्डपं शुभम् ।।४२।।

रक्तवितान संयुक्तं स-पताकं स-तोरणम् ।
मनोहरैश्चतुर्द्वारैः शोभनं श्रद्धयाऽन्वितम् ॥४३॥

द्वारेषु पूर्णकुम्भाश्च सहचित्रान् स-पल्लवान् ।
सदीपान् पट्टिकायुक्तान् तण्डुलोपरि स्थापयेत् ॥४४॥

रोपयेत् कदलीस्तम्भाश्चतुष्कोणेषु सफलान् ।
तन्मध्ये चतुरस्रं च पीठकं श्लक्ष्णमुत्तमम् ॥४५॥

पीतास्तरणसंयुक्तं संस्थाप्य वरशोभनम् ।
शालितण्डुल चूर्णैश्च नीलपीतसितासितैः ॥४६॥

एक विंशति कोष्ठं वै यन्त्रं तत्रैव कारयेत् ।
तस्य मध्ये रघुवरं परिवारं - समन्वितम् ॥४७॥

सम्यगावाहयेद् भक्त्या माहेश्वर्यादि पूर्वकम् ।
गौरी गणेशयोः ब्रह्मन् ! पूजयेत्पुरतः स्थितम् ॥४८॥

पूर्वभागे महाशक्तिं पूजयेद्विधि पूर्वकम् ।
महालक्ष्मीं दक्षिणे च महादुर्गां च पश्चिमे ॥४९॥

गायत्री सावित्रीं वाणीं सर्वमातृस्तथोत्तरे ।
सिद्धिं बुद्धिं तथेशाने चाऽऽग्नेय्यां लोकमातरम् ॥५०॥

नैर्ऋत्यां च महादेवीं वायव्ये देवमातरम् ।
पूर्वेशानदिशोर्मध्ये ग्रहाणां पूजनं चरेत ॥५१॥

पूर्वाऽग्नि मध्ये दिक्पालानग्नि-याम्यान्तरे शिवम् ।
याम्यनैर्ऋत्ययोर्मध्ये वास्तुदेवान्समर्चयेत् ॥५२॥

अष्टौ लोकपतीन् वीरान् रक्षोवारुणकान्तरे ।
प्रत्यङ्मुखं वसिष्ठादीन् वायु-वारुण-मध्यगान् ॥५३॥

पवनोत्तरदिग्भागे चाऽधि - प्रत्याधि - देवताः।
उत्तरेशानयोर्मध्ये ब्रह्मपूजां समाचरेत् ॥५४॥

अयोध्यां पूजयेन्मध्ये चोत्तरे सरयूं तथा।
गङ्गां पूर्वे तथा याम्ये भूशक्तिं च समर्चयेत् ॥५५॥

पुनर्याम्ये नलं-नीलं केशरिणं सुषेणकम्।
ऋक्षराजमङ्गदं च सुग्रीवं च समर्चयेत् ॥५६॥

पश्चिमे वै तथा शक्तीर्विमलादींश्च पूजयेत्।
पराभक्तियुतं नित्यं विभीषणमथोत्तरे ॥५७॥

पूर्वेऽष्टौ मंत्रिणः पूज्याः सर्वशास्त्रविशारदाः।
पङ्क्ति स्यन्दनकं पूर्वे कौशल्यादिभिरन्वितम् ॥५८॥

दक्षिणे लक्ष्मणं पश्चाच्छत्रुघ्नं च सशक्तिकम् ।
उत्तरे भरतञ्चैव सशक्तिं च समर्चयेत् ।।५९।।
हनुमन्तं पूर्वभागे क्रमेणैव समर्चयेत् ।
ततः प्रधानपुरुषं श्रीरामं हि समर्चयेत् ।।६०।।

श्रीराम भक्तों, भाई बन्धुओं, मित्रों और ब्राह्मणों को बुलाकर अर्चक अभीष्ट की सिद्धि हेतु भक्ति भाव से सबको सन्तुष्ट करे। बुद्धिमान् पंचमी, पूर्णिमा, द्वादशी, अयन के संक्रमण काल में, नवमी, अमावस्या अथवा जिस किसी भी दिन दोपहर में अथवा प्रदोष (सांयकाल) में श्रीरामार्चा करे। पहले पुण्य स्थल पर स्वच्छ जल और मिट्टी से शुद्ध की हुई भूमि पर सुन्दर मण्डप बनावे। श्रद्धायुक्त होकर उस मण्डप को लाल चांदनी, पताका, तोरण और मनोहारी चार द्वारों से शोभायमान करे। चारों द्वारों पर चावलों के ऊपर सवस्त्र, सदीप, सपल्लव एवं केशर चन्दनादि से चित्रित, जलपूर्ण कलशों को स्थापित करे। चारों कोनों पर फल सहित कलशों के खम्भे लगा दे। मण्डप के बीच में चौकोना पीठ (चौकी) जो बराबर चिकना और सुन्दर हो – स्थापित करे। सुन्दर पीतवस्त्र बिछौने से युक्त

चौकी स्थापित करके उस पर नीले, पीले, श्वेत एवं श्याम रंग मे चावलों को रंग कर इक्कीस कोष्ठ का यन्त्र बनावे। उसके मध्य में माहेश्वर आदि आवरण देवों के सहित परिवारयुक्त श्री रघुनन्दन का भक्तिपूर्वक सम्यक रूप से आवाहन करे । हे ब्रह्मन ! अग्रभाग में स्थित गौरी-गणेश्वर को पूजे । पूर्व भाग में विधि-पूर्वक महाशक्ति को पूजे । दक्षिण में महालक्ष्मी का, पश्चिम में महादुर्गा का और उत्तर में गायत्री, सावित्री, सरस्वती और सर्वमाताओं का पूजन करे । ईशानकोण में सिद्धि-बुद्धि का और अग्निकोण में लोकमातृका का, नैऋत्य में महादेवी का तथा वायव्य-कोण में देव माता का, पूर्व और ईशान के मध्य ग्रहों का पूजन करे । पूर्व और अग्निकोण के मध्य दिग्पालों का अग्निकोण तथा दक्षिण दिशा के मध्य शिव का, दक्षिण और नैऋत्य के मध्य वास्तुदेव का पूजन करे । नैऋत्य एवं पश्चिम दिशा के मध्य अष्ट लोकपालों का, पश्चिम में मनु का एवं पश्चिम और वायुकोण के मध्य वशिष्ठादि का पूजन करे । वायुकोण तथा उत्तर दिशा के मध्य अधिदेवता, प्रत्यधि देवताओं का तथा

उत्तर एवं ईशान कोण के मध्य ब्रह्मा का पूजन करे ।

यन्त्र के मध्य में श्री अयोध्या जी को तथा उत्तर में श्री सरयू जी को पूजे । पूर्व में श्री गङ्गा जी को तथा भूशक्ति को दक्षिण में पूजे । फिर नल-नील, केशरी, सुषेण, जाम्बवान, अंगद और सुग्रीवजी को दक्षिण में पूजे । पश्चिम में विमलादि शक्तियों को पूजे । नित्य पराभक्तियुक्त श्री विभीषण जी को उत्तर में पूजे । सर्वशास्त्र विशारद् आठों मन्त्रियों की पूर्व में पूजा करे ।

श्रीकौशल्यादि रानियों के साथ महाराज दशरथ का पूर्व में पूजन करे । दक्षिण में सशक्ति लक्ष्मण, पश्चिम में सशक्ति शत्रुघ्न और उत्तर में सशक्ति भरत की पूजा करे। पूर्व भाग में श्रीहनुमान जी की पूजा करे । क्रमशः इस प्रकार सबका पूजन करके प्रधान पुरुष श्रीराम जी का सम्यक प्रकार से पूजन करे ।।३९-६० ।।

पाद्या-ऽर्घ्या-ऽऽचमनीयाद्यैः स्नानैः पञ्चामृतादिभिः।
पीताम्बरोपवीतैश्चन्दनै सतुलसीदलैः।।६१।।

यवाक्षततिलैः पुष्पै मालादूर्वाङ्कुरैः शुभैः ।
धूपदीपैः सुनैवेद्यैस्तांबूलैश्च सुगन्धिभिः ।।६२।।

मोदकाद्यं सुनैवेद्यं पञ्चसेटोत्तरं वरम् ।
नानाविधैः सुपक्वान्नैः सुस्वादुभिः फलैस्तथा ।।६३।।

नारिकेल बलिं दद्यान्नीराजनमतः परम् ।
चतुः प्रदक्षिणं कृत्वा प्रणमेत्प्रार्थयेत्पुनः ।।६४।।

प्रसादो रामभद्रस्य प्रदातव्यो हनुमते ।
प्रहृष्टो वायुतनयो वांछितार्थ प्रयच्छति ।।६५।।

कुर्यादेवं विधानेन रामार्चा भक्तितो विधे ।
यथाविभवविस्तारो वित्तशाठ्यं न कारयेत् ।।६६।।

सुवर्णप्रतिमा मध्ये, शालिग्राम शिलोपरि।
तिलपुञ्जेऽथवा पूजा कर्तव्या राघवस्य च ।।६७।।

पाद्य अर्घ्य, आचमनीय, मधुपर्क, पंचामृतादि से स्नान, पीताम्बर, यज्ञोपवीत, चन्दन, तुलसीदल, यव, अक्षत, तिल, पुष्प, माला, दूब के सुन्दर और कोमल अंकुरों से, धूप से, दीप से, सुन्दर नैवेद्य से एवं सुगन्धित ताम्बूलों से प्रधान पुरुष श्रीराम जी की पूजा करे। अनेकों प्रकार के सुन्दर पक्वान्नों, स्वादिष्ट फलों तथा मोदक (लड्डू) आदि से युक्त पाँच सेर से अधिक नैवेद्य श्रेष्ठ होता है। पुनः नारियल भेंट चढ़ावे। तदनन्तर आरती करे। चार बार प्रदक्षिणा करके दण्डवत् प्रणाम करे और प्रेम से प्रार्थना करे। श्रीरामचन्द्र जी का प्रसाद श्रीहनुमान जी को देना चाहिए। इससे श्री हनुमानजी प्रसन्न होकर वांछित पदार्थ देते हैं। हे ब्रह्मन्! इस विधान से भक्तिपूर्वक रामार्चा करनी चाहिए। विभव के अनुसार विस्तार से करे। वित्तशाठ्य (धन की कंजूसी न करे।) सुवर्ण की प्रतिमा में, शालिग्राम की शिला पर अथवा तिलों की राशि पर भगवान श्रीराघवजी की पूजा करनी चाहिए।। ६१-६७ ।।

पूर्व बाल्ये त्वया वत्स मन्दाकिन्यास्तटे शुभे ।
चित्रकूटे कृता सृष्ट्यै श्रीरामार्चा ममाऽऽज्ञया ।।६८।।

पूजान्ते तु महाभाग ! प्रादुर्भूतो रघूत्तमः ।
तुभ्यं वरप्रदानं च दत्वाऽन्तर्ध्यानमागमत् ।।६९।।

रामप्रसादं भक्तेभ्यो दत्वा भुक्तस्त्वया तदा ।
पूर्णं बभूव तेऽभीष्टं यद्यन्मनसि कांक्षितम् ।।७०।।

रामार्चायाः प्रसादं यो भुञ्जीत प्रेममानसः ।
बन्धून विभज्य तस्याऽशु मनोभीष्टं भवेद्ध्रुवम् ।।७१।।

रामार्चायाः प्रसादं तु न भुञ्जीत विधे यदि ।
महादुःखार्दितो भूत्वा रौरवे नरके ब्रजेत् ।।७२।।

ब्रह्महत्यादिकं पापं मनोवाक्काय कर्मजम्।
कोटि जन्मार्जितं नश्येद्रामभुक्तान्नभक्षणात्॥७३॥

एवं यः कुरुते ब्रह्मन् रामार्चा सद्विधानतः।
तस्य क्षिप्रं भवेत्सिद्धिर्मनोऽभिलषितापुरा॥७४॥

इत्युक्त्वान्तर्दधे विष्णुर्ब्रह्मालोकपतिः शुभे।
चकार रामपूजां च तया सर्वेप्सितार्थभाक्॥७५॥

ब्रह्मणा चिंतितं यद्यत्ततदाप्तं हि सत्वरम्।
ब्रह्मलोके प्रकुर्वन्ति देवा रामार्चनं सदा॥७६॥

तत्प्रभावेन ते सर्वे परमानन्दशालिनः।
भुन्जते विविधान् भोगान् सर्वेषामपिदुर्लभान्॥७७॥

हे वत्स ! पहले बाल्यावस्था में श्री मन्दाकिनी के शुभ तट पर श्री चित्रकूट

में मेरी आज्ञा से सृष्टि-हेतु तुमने रामार्चा की थी । हे महाभाग ! पूजा के अन्त में श्री राम जी प्रकट हुये और तुम्हें वर प्रदान कर अर्न्तध्यान हो गये । श्रीराम जी का प्रसाद भक्तों को देकर तुमने खाया, तब जो-जो तुमने मन में विचारा था, वह अभीष्ट तुम्हारा पूर्ण हुआ था। जो प्रेमी श्री रामार्चा का प्रसाद बन्धुजनों को बांटकर खायेगा, उसका मनोरथ निश्चय ही शीघ्र पूर्ण होगा । हे ब्रह्मन् ! श्रीरामार्चा का प्रसाद जो नहीं खायेगा वह महादुखी होकर रौरव नरक में जावेगा । (क्योंकि, त्याज्य वह वस्तु है, जिसके ग्रहण से पाप हो, श्रीरामार्चा का प्रसाद तो पाप निवारण करता है) । मन, वचन, काया, कर्म जनित कोटि जन्मों के ब्रह्महत्यादि पाप भगवान् राम का प्रसाद पाते ही नष्ट हो जाते हैं । (ऐसे प्रसाद को त्यागने वाला दुखी क्यों नहीं होगा ? अवश्यमेव होगा,) हे ब्रह्मन् ! विधि विधान के साथ इस प्रकार जो श्रीरामार्चा करता है, उसके मन की अभिलाषायें शीघ्र ही पूरी हो जाती हैं । हे शुभे पार्वति ! इतना कहकर महाविष्णु अर्न्तध्यान हो गये । लोकपति ब्रह्मा जी ने श्रीरामार्चा की । उससे वे सभी अभीष्ट पदार्थों के भागी बने । ब्रह्मा जी ने जो-जो सोचा, वह सब उन्हें तुरन्त प्राप्त हो गया। ब्रह्मलोक में देवगण सर्वदा श्रीरामार्चा करते हैं । श्रीरामार्चा के

प्रभाव से वे सब परमानन्द-युक्त रहते हैं और विविध प्रकार के भोगों को भोगते हैं, जो सबके लिए दुर्लभ है ।। ६८-७७ ।।

इति श्रीशिवसंहितायां भव्योत्तर खण्डे श्रीरामार्चा माहात्म्य वर्णनपूर्वकं सप्रधानावरण देवता-पूजाविधि-वर्णनो नाम तृतीयोऽध्यायः ।।३।।

अथ चतुर्थोऽध्यायः

श्रीपार्वत्युवाच —

कैः कैः कृता पुरा देव रामार्चा तद्वदाधुना।
श्रोतुमिच्छामि देवेश मम हर्षविवर्द्धनः ।।१।।

श्रीपार्वती जी ने कहा — हे देवेश ! पहले किन-किन महात्माओं ने रामार्चा की है, हे देव ! इस समय आप कहें। हे नाथ ! हर्ष को बढ़ाने वाले रामार्चा को मैं श्रवण करना चाहती हूँ ।।१।।

श्रीशिव उवाच —

श्रृणु देवि कथां पुण्यां पूजा माहात्म्य संयुताम् ।
वक्ष्यामि सर्व मर्त्येभ्यः शुभदां पापमोचनीम् ॥२॥

कश्चिद्वसति धर्मज्ञो ब्राह्मणः मथुरा पुरे ।
नाम्नां पृथुक विख्यातो महारोगेण पीडितः ॥३॥

बहुभिर्विधिभिर्यत्नं कृतवान् ब्राह्मणोत्तमः ।
न मुक्तो रोगबाधाभिर्महादीनमनोद्विजः ॥४॥

निर्जगाम गृहात्तूर्णं वनं व्याघ्रादिर्भियुतम् ।
वभ्राम दुःख संत्रस्तो मृत्योर्हेतुं विचिंतयन् ॥५॥

आत्महत्या भयाद्देवि न विपैस्त्यक्तवांस्तनुम् ।
भ्रमन्भृगुसुतं तत्र ऋचीकं दृष्टवान् द्विजः ॥६॥

नत्वा रुरोद दुखार्तो महाबाधा प्रपीडितः ।
ऋचीको ब्राह्मणं प्राह कस्माद्रोदषि तद्वद् ॥७॥

ऋचीकेरितमाकर्ण्य पृथुको वाक्यमब्रीत् ।
ब्राह्मणोऽहं द्विजश्रेष्ठ विख्यातः पृथुकाह्वयः ॥८॥

सर्व व्याधियुतोविद्धन्महारोगेण पीडितः ।
येनदुःख मम क्षीयेत् तद्वदस्व कृपानिधे ॥९॥
श्रुत्वा कृपान्वितो विप्रो रामार्चा कुरु प्रोक्तवान् ।

श्रीपृथुक उवाच –

रामार्चायाः विधिविद्धन्कथयस्व परंतप ॥१०॥

श्री शिवजी बोले – हे देवि ! सुनो । सब मनुष्यों को मङ्गल देने वाली, पापनाशिनी, पूजा पवित्र माहात्म्य के सहित कहता हूँ । मथुरा नगर में एक धर्मज्ञ ब्राह्मण

रहता था। वह पृथुक नाम से प्रसिद्ध था और महारोग से पीड़ित था। उस श्रेष्ठ ब्राह्मण ने अनेकों प्रकार के यत्न किये, परन्तु वह रोग की बाधाओं से मुक्त नहीं हो सका। इससे उन्हें बड़ी ग्लानि हुई। यह शीघ्र घर से निकल गया और दुखी होकर व्याघ्र आदि से संयुक्त निर्जन वन में भटकने लगा। वह मृत्यु का निमित्त ढूँढ रहा था (कि जिससे मृत्यु हो जाय)। हे देवि ! आत्महत्या के पाप के भय से उसने विष खाकर अपने शरीर का त्याग नहीं किया। घूमते हुए उस ब्रह्मण ने वहां भृगु जी के पुत्र ऋचीक जी को देखा। वह ब्राह्मण दुःख से आर्त्त होकर ऋचीक के चरणों में प्रणाम करके रोने लगा। ऋचीक ने महाबाधा से पीड़ित उस ब्राह्मण से कहा – तुम क्यों रो रहे हो ? वह कारण बताओ। ऋचीक के वचन को सुनकर पृथुक ने कहा कि हे द्विजश्रेष्ठ ! मैं पृथुक नाम का विख्यात ब्राह्मण हूँ। हे विद्वान् ! मैं सर्वव्याधियों से युक्त और महाबाधाओं से पाड़ित हूँ। हे कृपानिधे ! जिससे मेरा दुःख नष्ट हो, वह उपाय कहिए। यह सुनकर कृपालु ऋचीक जी ने कहा कि तुम रामार्चा करो। पृथुक बोला कि हे विद्वान् परंतप ! श्रीरामार्चा की विधि कहिए ।। २-१० ।।

Scanned with CamScanner

श्रुत्वोवाच ऋचीकस्तु श्रृणु विप्र वचो मम ।
कुशनाभसुतौ गाधिः श्वसुरो मम धर्मवित् ।।११।।

सोऽनपत्योऽभवत्पूर्वं तेन दुःखी निरन्तरम् ।
तस्य पुत्री मम पत्नी तयाहं परितोषितः ।।१२।।

प्रहर्षितोहमूचेतां वरं ब्रूहि सुमध्यमे ।
तयोक्तं चैव मे भ्राता भवेद्धरमिदं प्रभो ।।१३।।

तथास्त्विति महाभागे प्रोक्त्वा चाहं भृगुं गतः ।
भृगुः ब्रह्मविदं विप्र वृत्तान्तं तन्निवेदितम् ।।१४।।

श्रुत्वा भृगुरुवाचेदं गाधिपुत्राय भो सुत ।
रामार्चा कारय प्रेम्णा ताभ्यां सम्यग्विधानतः ।।१५।।

Scanned with CamScanner

तत्प्रसादेन सत्पुत्रो भविष्यत्यचिरेण वै ।
श्रुत्वा तद्विधिमागत्य श्वशुरं प्रोक्तवानहम् ॥१६॥

पत्न्या सह कृतं तेन सम्यक् श्रीरामपूजनम् ।
तदा रामप्रसादस्य भक्षणाद् गाधिवल्लभा ॥१७॥

गर्भं दधार धर्मज्ञस्तस्याः पुत्रोऽभवत्किल ।
विश्वामित्रेति विख्यातो योऽभूत्क्षत्राद्द्विजर्षभ् ॥१८॥

भृगोः श्रुतं मयापूर्वं श्रीरामस्यसुपूजनम् ।
सौभाग्यसन्ततिकरं सर्वेप्सितफलप्रदम् ॥१९॥

तस्मात् कुरु महाभागे महायज्ञ सुखप्रदम् ।
ऋचीकेरितमाकर्ण्य जगाम स्वगृहं द्विजः ॥२०॥

यह सुनकर ऋचीक जी बोले – हे विप्र ! मेरे वचन सुनो । कुशनाभ जी के पुत्र धार्मिक (धर्मज्ञ) श्री गाधि जी मेरे श्वसुर हैं । वे पहले अनपत्य (पुत्रहीन) थे, इससे निरन्तर दुःखी रहते थे । उनकी पुत्री (सत्यवती) मेरी पत्नी है, उसने मुझे सेवा से सन्तुष्ट किया। मैंने हर्षित होकर उसको कहा – हे सुभद्रे ! हे सुन्दरी ! वरदान माँगो, तब उसने कहा कि हे प्रभो ! मेरे भाई पैदा हो, यही वरदान दीजिये । हे महाभागे ! ऐसा ही हो । स्त्री को यह कहकर मैं अपने पिता भृगु जी के पास गया । (उसको वरदान देकर मैंने चिन्तन करके देखा, तो मालूम हुआ कि इनके भाग्य में केवल एक कन्या के सिवा कोई संतान नहीं हैं।) तब घबराकर हे विप्र पृथुक ! वह वृतान्त ब्रह्मवेत्ता भृगु जी को निवेदन किया। सब वृतांत सुनकर भृगु जी बोले – हे पुत्र ! गाधिजी को पुत्र होने के लिये उन से प्रेमपूर्वक सम्यक विधि से श्रीरामार्चा कराओ । उसके प्रसाद से अवश्य शीघ्र ही उत्तम पुत्र होगा । पिता जी से श्रीरामार्चा की विधि सुनकर मैंने आकर श्वसुर जी को कहा । उन्होंने सपत्नीक सम्यक् श्रीरामपूजन किया और तब रामप्रसाद के भक्षण से श्री गाधि जी की पत्नी ने गर्भ धारण